Physical Holding	Send a request to Registrar and Transfer Agents of the Company, MAS Services Limited at info@masserv.com providing Folio number, Name of the shareholder, scanned copy of the share certificate (Front and Back), PAN (Self attested scanned copy of PAN Card), AADHAR (Self attested scanned copy of Aadhar Card) for registering email address. Please send your bank detail with original cancelled cheque to our RTA (i.e. MAS Services Limited, T-34 2nd floor, Okhla industrial area Phase-II, New Delhi 110020 alongwith letter mentioning folio no. If not registered al ready.) PLEASE UPDATE THE SAME ON OR BEFORE 20/09/2026
Demat Holding	Please contact your Depositary Participant (DP) and register your email address as per the process advised by DP. PLEASE UPDATE THE SAME ON OR BEFORE 20/09/2026

For Order of the Board
For My Money Securities Limited
Sd/-
Anjali Chopra
Company Secretary
A17495

Date : 05.09.2026
Place : Delhi

URANIUM CORPORATION OF INDIA LIMITED
(A Government of India Enterprise)
PO : Jaduguda Mines, Distt,: Singhbhum (East), Jharkhand - 832102.
website www.uraniumcorp.in

ADVERTISEMENT NO. 12/2026

UCIL invites applications from Indian citizens latest by 15-09-2026 for the following post on contract basis :
The eligibility criteria 6 **job specifications of the post are as under:**

1	**POST NAME**	Senior Expert(HRM/Administration}	
2	**NAME OF POST**	01(One))	
3	**REMUNERATION**	**Category of Employee**	**Consolidated Monthly Emoluments**
		Retired from CP5E In the Scale of Rs, 1,00,000 - 2,60,000/-(IDA) and above	Rs. 1,00,000/-(Rs One Lakh) per month
		Retired from Central Govt, in the level 13 i.e. Rs-l,23,100-2,15,900/- CDA) and above	Rs. 1,00,000/- minus monthly Basic Pension drawn at the time of retirement from Government service.
4	**EIIGIBILIY CRITERIA**	a) **Age:** Not more than 65 years (as on dosing date of receiving application) b) **Qualification**: Retired Officers having Post Graduate Diploma In Personnel Management and Industrial Relation or MBA(HRM) or MSW from a Government recognized Unrverslty. Desirable: Candidate having Degree in Law will be preferred Should have retired from the regular post In Govemment/PSU in the scale of pay of Rs.1,00,000/- 2,60,000/-(IDA) & above or Level 13 Rs. 1,23,100-2,15,900/- (CDA) & above. **Post Qualification Experience:** Should have minimum 20years of working experience in Government/PSUs/ Autonomous Organization, Experience in the field of HRM/Administration shall be preferred.	
5	**DUTIES & RESPONSIBILITY**	The duties and responsibilities Indudes (but not limited to) providing expert opinions on HRM issues, RTI issues, conduct-Discipline and Appeal matters, liaising with Govt. Agencies/ Autonomous Bodies induding Ministries, Employee related legal issues, PSU Policies, Corporate Governance and Admlnistrabve matters pertaining to CPSEs.	
6	**PROCEDURE FOR APPLYING:**	Eligible and interested Retired Officers of Govt/PSU may apply online through recruitment portal of UC1L by visiting UCIL website **www.uraniumocorp.in** for the post of **Senior Expert (HRM/Administration)** latest by **15.09.2026** without which application will be rejected.	

CBC 48134/11/0039/2627

सार संक्षेप

150 क्षय रोगियों को पोषण किट बांटी

गाजियाबाद। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सोमवार को 150 क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। संजयनगर स्थित संयुक्त अस्पताल परिसर में सीडीओ कुमार सौरभ ने रोगियों को पोटली सौंपी। पीएसआई इंडिया की ओर से 100 और रेड क्रॉस सोसाइटी के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने 50 पोषण पोटली उपलब्ध कराईं। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल यादव ने कहा कि समय पर जांच, नियमित दवा सेवन और पूरी अवधि तक उपचार से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। इस मौके पर राघवेन्द्र सिंह चौहान, दीपाली गुप्ता, संजय यादव आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

टीम टाइटन ने एलीट स्ट्राइकर्स को सात विकेट से हराया

गाजियाबाद। राजनगर एक्सटेंशन स्थित रेड एप्पल क्रिकेट मैदान में एलीट स्ट्राइकर्स और टीम टाइटन के बीच मैच खेला गया। मैच में टीम टाइटन ने सात विकेट से जीत हासिल की। टॉस एलीट स्ट्राइकर्स ने जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.1 ओवर में 195 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। आदित्य कुशवाहा ने 67 रन, अंकित त्रिपाठी ने 35 और रितेश यादव ने 28 रन का योगदान दिया। विरोधी टीम से आकाश ठाकुर और शिवम ने तीन-तीन विकेट लिए। टीम टाइटन ने 17.1 ओवर में ही तीन विकेट खोकर 197 रन बना लिए। शिवम ने नाबाद 107 रन की पारी खेली और प्लेयर ऑफ द मैच हासिल किया।

वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग लाइन से डाकघर में मिली राहत

गाजियाबाद। नवयुग मार्केट स्थित मुख्य प्रधान डाकघर में वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए अलग लाइन की व्यवस्था की गई है। इससे बुजुर्गों को स्पीड पोस्ट और पार्सल बुक कराने के लिए सामान्य कतार में लगने से राहत मिल रही है। डाकघर में रोजाना बड़ी संख्या में लोग विभिन्न डाक सेवाओं का लाभ लेने पहुंचते हैं। सामान्य दिनों में काउंटरों पर भीड़ के कारण वरिष्ठ नागरिकों को भी काफी देर तक कतार में इंतजार करना पड़ता था। इसे देखते हुए उनके लिए अलग लाइन की सुविधा पूर्व में शुरू की गई है थी। सीनियर पोस्ट मास्टर ने बताया कि अलग लाइन से बुजुर्गों को सुविधा मिलने के साथ सामान्य काउंटरों पर भीड़ को व्यवस्थित करने में भी मदद मिल रही है।

हिंदू परिषद ने मनाया स्थापना दिवस

ट्रांस हिंडन। विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस पसोंडा और इंदिरापुरम के नीति खंड स्थित प्राचीन मनोकामना हनुमान मंदिर में उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कार्यकताओं, समाज के लोगों और मातृशक्ति ने सहभागिता की। विभाग संगठन प्रमुख साहिल वालिया ने संगठन के इतिहास, उद्देश्य और समाजहित में किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए मार्गदर्शन किया। इस दौरान महानगर संपर्क प्रमुख अमित पाराशर, सेवा प्रमुख निशित पाठक, प्रखंड मंत्री अनुपम शुक्ला, सह मंत्री अंकित, मनजीत और आशुतोष, मातृशक्ति संयोजिका पूनम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दो नाबालिग छात्राओं से गैंगरेप, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

लोनी इलाके की एक कॉलोनी में रहने वाली दो नाबालिग छात्राओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। वारदात को अंजाम देने वाले दूसरे समुदाय के दोनों फरार आरोपियों को पुलिस ने रविवार देर रात हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र के एक निवासी ने पुलिस को बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी कक्षा 8वीं क्लास की छात्रा है। वह और उनकी पत्नी मजदूरी कर परिवार का गुजारा करते हैं। उनकी बेटी 2 सितंबर की देर शाम घर से लापता हो गई थी। कुछ देर बाद पता चला कि 7वीं क्लास में पढ़ने वाली उनकी बेटी की एक सहेली भी घर पर नहीं है। 3 सितंबर की सुबह किसी तरह दोनों किशोरियां घर पहुंचीं। उन्होंने परिजनों को बताया कि कॉलोनी में रहने वाले दूसरे समुदाय के दो युवक उन्हें जबरन अपने साथ एक घर में ले गए और उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

मेडिकल में हुई गैंगरेप की पुष्टि: इसके बाद छात्राओं के परिजन दोनों किशोरियों को लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर दोनों किशोरियों को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया। जांच में दुष्कर्म की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने छेड़खानी के मुकदमे में सामूहिक दुष्कर्म और पॉक्सो ऐक्ट की धाराएं बढ़ा दीं। सहायक पुलिस आयुक्त रामकिशन ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

आइसक्रीम दिलाने का झांसा देकर साथ ले गए: पीड़ित दोनों छात्राएं अलग-अलग स्कूलों में पढ़ती हैं और उनके बीच दोस्ती है। 2 सितंबर की शाम आइसक्रीम खाने के दौरान आरोपी एहसान और गुलजार उनके पास आए। दोनों छात्राएं उन्हें जानती थीं। आरोपियों ने छात्राओं को अच्छी कंपनी की आइसक्रीम दिलाने का झांसा दिया और अपने साथ ले जाकर वारदात की।

परिजनों और विधायक की कड़ी कार्रवाई की मांग: पीड़ित छात्राओं के परिजनों ने आरोपियों का एनकाउंटर करने और उनके घरों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का कहना है कि वे गरीब हैं, इसलिए पुलिस ने उनकी शिकायत पर पहले छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया था। अब उनकी मांग है कि आरोपियों का एनकाउंटर हो और उनके घर पर बुलडोजर चलाया जाए। इस मामले में पुलिस अधिकारियों ने भी सख्त कार्रवाई की बात कही है। वहीं, घटना के बाद लोनी के विधायक नंद किशोर गुर्जर सहायक पुलिस आयुक्त से मिले। उन्होंने भी दोनों आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

दोनों आरोपी युवकों को गोली लगी: ट्रॉनिका सिटी क्षेत्र में खानपुर के जंगल के पास रविवार देर रात दोनों फरार आरोपियों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई। इस दौरान आरोपी एहसान और गुलजार के पैर में गोली लगी। सहायक पुलिस आयुक्त लोनी रामकिशन ने बताया कि दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनके कब्जे से दिल्ली से चुराई गई स्कूटी, दो तमंचे और दो कारतूस बरामद हुए हैं।

कैंटर ने सड़क किनारे खड़े युवक को कुचला, मौत

पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा

जेवर कोतवाली क्षेत्र में एक कैंटर ने सड़क किनारे खड़े युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक गाड़ी लेकर मौके से भाग गया। युवक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जेवर क्षेत्र के बनवारीवास गांव के रहने वाले नारायण दत्त शर्मा ने पुलिस से शिकायत की कि उनका बेटा अमित शर्मा पांच सितंबर को अपनी पत्नी के साथ कस्बे के एक अस्पताल में दवा लेने के लिए गया था। जब वह वापस लौट रहा था तो रजिस्ट्री कार्यालय के सामने किसी परिचित व्यक्ति ने अमित को आवाज दी। अमित ने अपनी को साइड में रोका और नीचे उतरकर सड़क पर खड़ा हो गया। इसी बीच एक बेकाबू कैंटर ने अमित को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल अमित को नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि चालक घटना के बाद गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। गाड़ी का पता चल गया है। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की जान गई

ट्रांस हिंडन। कौशांबी थाना क्षेत्र में डाबर तिराहे पर रविवार तड़के तेज रफ्तार वाहन ने एक बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। मेरठ के रजपुरा मवाना रोड निवासी 22 वर्षीय मयंक शर्मा एक निजी फाइनेंस कंपनी में रिकवरी एजेंट के तौर पर कार्यरत थे। मयंक शनिवार की देर शाम दिल्ली में सोमवार को होने वाली मीटिंग के लिए बाइक से निकले थे। रास्ते में कैंटीन चलाने वाले दोस्त तुषार जैन को साथ लिया। रात में लगभग साढ़े 11 बजे दोनों दिल्ली के अशोक नगर में रहने वाले दोस्त मनु कुमार के कमरे पर पहुंचे। मनु कुमार के कमरे पर दोनों ने खाना खाया। मनु कुमार ने बताया कि रात में लगभग डेढ़ बजे मयंक ने कहा कि मामा के बेटे तरुण के घर वसुंधरा चलना है, रात में वहीं रुकेंगे।

चोरी की बाइक से लूटपाट करने वाले दो गिरफ्तार

- आरोपियों की पहचान लोनी निवासी 22 वर्षीय अमन उर्फ भूरा और 20 वर्षीय रिहान के रूप में हुई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

चोरी की बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर छिनैती की वारदात करने वाले दो बदमाशों को क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस ने गिरफ्तार किया। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि छह सितंबर की रात उपनिरीक्षक मोहम्मद शाहनजर पुलिस टीम के साथ क्रॉसिंग रिपब्लिक चौकी क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान शांतिनगर की तरफ से एक बाइक पर दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन बाइक सवार पुलिसकर्मियों को चकमा देकर गोलचक्कर की तरफ भागने लगे। शक होने पर पुलिस टीम ने पीछा कर करीब 300 मीटर आगे दोनों को घेरकर रोक लिया।

पूछताछ में दोनों युवक घबरा गए और बाइक के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। एसीपी वेव सिटी के मुताबिक आरोपियों की पहचान लोनी के अशोक विहार निवासी 22 वर्षीय अमन उर्फ भूरा और 20 वर्षीय रिहान के रूप में हुई है। जांच में बाइक पर लगी नंबर प्लेट फर्जी निकली। एसीपी के मुताबिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने करीब दो माह पहले नंदग्राम क्षेत्र से बाइक चोरी की थी। इसके बाद बाइक पर दूसरी बाइक का नंबर दशार्ने वाली फर्जी नंबर प्लेट लगा दी। रात में सुनसान रास्तों पर लूटपाट करते थे।

जालसाजों ने दो लोगों के खातों से ढाई लाख रुपये निकाले

ट्रांस हिंडन। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में जालसाजों ने दो लोगों को झांसे में लेकर बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड से लगभग दो ढाई रुपये निकाल लिए। पुलिस जांच कर रही है। वसुंधरा सेक्टर-12 निवासी उमेश मैनी ने पुलिस को बताया कि उन्हें काम से चंडीगढ़ जाना था। इसके लिए उन्होंने चार अगस्त को ऑनलाइन होटल बुक किया था। बुकिंग के दौरान ही उनके पास व्हाट्सऐप कॉल आई। कॉलर ने खुद को होटल प्रबंधन से जुड़ा बताते हुए एक हजार रुपये का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए कहा। इसके बाद उसने उनके क्रेडिट कार्ड की सभी डिटेल और ओटीपी पूछा। उन्होंने इस सामान्य प्रक्रिया मानते हुए डिटेल और ओटीपी बता दिए। इसके कुछ देर बाद ही उनके क्रेडिट कार्ड से 1.45 लाख रुपये निकल गए। दूसरी ओर न्याय खंड-एक में रहने वाली सुमन लता ने पुलिस को बताया कि आठ जुलाई को उनके बैंक खाते से कई बार में एक लाख रुपये निकल गए।

विदेशी नागरिकों को ठगने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

- पूछताछ के आधार पर पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया

फेज-1 थाने की पुलिस ने सेक्टर-3 में चल रहे फर्जी कॉल सेंटर का पदार्फाश कर सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। कॉल सेंटर के जरिये अमेरिका और कनाडा में रहने वाले लोगों से तकनीकी सहायता देने के नाम पर ठगी की जा रही थी। अब तक करीब 300 लोगों को ठगने की बात सामने आई है। थाना प्रभारी ने बताया कि साइबर क्राइम थाने को ई-मेल के माध्यम से फर्जी कॉल सेंटर के संबंध में सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बिल्डिंग के चौथे तल पर छापा मारा। वहां एक व्यक्ति केबिन में बैठा मिला, जबकि छह अन्य लोग बाहर बैठे थे।

पूछताछ और तलाशी में सामने आया कि सभी लोग अमेरिका और कनाडा के लोगों को फोन कर तकनीकी सहायता के नाम पर ठगी करते थे। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों में 31 वर्षीय मोहम्मद याहया, 21 वर्षीय मोहन, 28 वर्षीय आकाश, 21 वर्षीय मोहम्मद साहेब अकरम, 28 वर्षीय सुमित सिंह बिष्ट, 34 वर्षीय रियासत और सददमुद्दीन शामिल हैं। सभी आरोपी दिल्ली में रहते हैं। पुलिस ने मौके से दो कंप्यूटर सिस्टम, मॉनिटर, की-बोर्ड, माउस, हेडफोन, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अमेरिका में रहने वाले ग्राहकों को जियो चैट और रिंग सेंट्रल डायलर के माध्यम से संपर्क करते। ग्राहकों के सामने अपनी असली पहचान छिपाने के लिए अमेरिकी नाम जैसे डेविड, विक्टर, माइकल और जेम्स आदि का इस्तेमाल किया जाता। आरोपी खुद को प्रिंटर कंपनी का कर्मचारी बताकर ग्राहकों की तकनीकी समस्या दूर करने की बात करते। ग्राहक के कंप्यूटर में एलएमआई ऐप के माध्यम से रिमोट एक्सेस लेकर सिस्टम को ठीक करने का बहाना बनाया जाता। इसके बाद ग्राहक के क्रेडिट कार्ड की जानकारी हासिल कर उसके जरिये 30 से 50 डॉलर तक की रकम अलग-अलग मर्चेंट कंपनियों में चार्ज की जाती। जांच में लुनाकेयर, प्रिंटिफाई, नड्र्स और हेलमेट जैसी मर्चेंट कंपनियों के नाम सामने आए हैं।

पुलिस के मुताबिक ठगी से हासिल रकम को पहले गिरोह से जुड़े खातों में ट्रांसफर किया जाता। इसके बाद आरोपी अपने और परिचितों के खातों में रकम भेजकर निकाल लेते। पुलिस अब बैंक खातों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जांच कर ठगी की वास्तविक रकम का पता लगाने में जुटी है।

रुपये देने से इंकार करने पर भाई ने बड़ी बहन पर चाकू से हमला किया

लोनी। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की पंचवटी कॉलोनी में पांच सौ रुपये देने से इनकार करने पर भाई ने बड़ी बहन पर चाकू से हमला कर दिया। बहन का दिल्ली के अस्पताल में उपचार जारी है। छोटे भाई की शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर लिया। लोनी बार्डर थाना क्षेत्र की पंचवटी कॉलोनी में अजब सिंह किराए के मकान में रहते हैं। उनके पुत्र रितेश ने बताया कि बड़ा भाई नशे का आदी है। काम न करने के चलते अक्सर घर पर रहता है। उन्होंने बताया कि तीन सितंबर दो बजे भाई ने बड़ी बहन प्रियंका से पांच सौ रुपये मांगे। रुपये देने से मना करने पर भाई ने बहन के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। विरोध करने पर भाई ने रसोई से चाकू उठाकर बहन पर हमला कर दिया। चाकू बहन की कमर में लगा, बहन के शोर मचाने पर भाई चाकू फेंक कर भाग गया। हादसे के बाद वह बहन को दिल्ली के अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उसका उपचार जारी है।

गणेश चतुर्थी की तैयारियां तेज, मूर्तिकार प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे

गणपति की इको-फ्रेंडली प्रतिमाएं पहली पंसद

- वसुंधरा मंडल में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गणेश चतुर्थी पर गणपति को स्थापित करने की तैयारी तेजी से शुरू हो गई है। मूर्तिकार प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। बप्पा की इको-फ्रेंडली प्रतिमाओं की मांग सबसे अधिक है। बाजार में दो से सात फीट तक प्रतिमाएं 1500 रुपये से लेकर 70 हजार तक में उपलब्ध हैं। सेक्टर-20 के मूर्तिकार जीत ने बताया कि ग्राहक अपनी पसंद और बजट के अनुसार प्रतिमा के आकार, डिजाइन और सजावट में बदलाव भी करवा रहे हैं। घरों में स्थापना के लिए दो से चार फीट की प्रतिमाओं की मांग सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल के मुकाबले प्रतिमाओं के दाम नहीं बढ़े फिर भी बिक्री पिछले साल की तुलना में कम हुई है। प्रतिमाओं में सिंहासन, मूषक और कमल पर विराजमान गणपति के साथ सिंदूरी पगड़ी वाले बप्पा के डिजाइन भी लोगों को अधिक पसंद आ रहे हैं।

चार-पांच दिन पहले बढ़ती है बिक्री: मूर्तिकारों के अनुसार गणेश चतुर्थी से चार-पांच दिन पहले प्रतिमाओं की बिक्री बढ़ने लगती है। प्रतिमाओं में मिट्टी, रंग, कपड़े, मजदूरी और सजावटी सामान की लागत बढ़ने के बाद भी इस बार प्रतिमाओं की कीमतों में अधिक बढ़ोतरी नहीं की गई हैं। इसके चलते कई मूर्तिकारों ने पिछले साल की तुलना में कम संख्या में प्रतिमाएं तैयार की हैं। मूर्तिकार के अनुसार एक प्रतिमा बनाने में करीब 3 से 4 दिन का समय लगता है। एक टोली में चार लोग मिलकर प्रतिमाएं तैयार करते हैं और एक त्योहार के सीजन में करीब 150 से अधिक गणपति की प्रतिमाएं बनाई जाती हैं।

मिट्टी और धान से बन रहीं प्रतिमाएं: पश्चिम बंगाल के मूर्तिकार जीत और उनके साथी पिछले 20 वर्षों से यहां गणपति की प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं। सभी प्रतिमाएं मिट्टी और धान से तैयार की जा रही हैं। पिछले कुछ वर्षों से प्रतिमाओं में किसी तरह के केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा। बंगाल से मंगाया गया विशेष वाटर कलर इस्तेमाल किया जा रहा है। विसर्जन के दौरान पानी प्रदूषित न हो, इसके लिए मिट्टी और पर्यावरण के अनुकूल रंगों से ही प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं।

FEDDERS HOLDING LTD

फेडर्स होल्डिंग लिमिटेड
सीआईएन: L74140UP1991PLC201030
पंजीकृत कार्यालय: सी-15, आरडीसी, राज नगर, गाजियाबाद- 201001 (यूपी)

35वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना
की
फेडर्स होल्डिंग लिमिटेड
(पूर्व में आईएम प्लस कैपिटल्स लिमिटेड के नाम से ज्ञात)

सूचना एतद्द्वारा दी जाती है कि फेडर्स होल्डिंग लिमिटेड की **35वीं वार्षिक आम बैठक बुधवार, 30 सितंबर, 2026** को **03:00 बजे** अपराह्न भारतीय मानक समय पर, वीडियो सम्मेलन/अन्य श्रव्य-दृश्य माध्यम के द्वारा, किसी सामान्य स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वार्षिक आम बैठक की सूचना में निर्धारित कार्यों का निष्पादन करने के लिए आयोजित की जाएगी।

कंपनी ने **सोमवार, 07 सितंबर, 2026 को 35वीं वार्षिक** आम बैठक की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को भेजी है, जिनके ई-मेल पते कंपनी/रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण अभिकर्ता/निक्षेपागारों के साथ पंजीकृत हैं। यह कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार, **19 सितंबर, 2024** के कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय के परिपत्र तथा **5 मई, 2020, 5 मई, 2022 और 28 दिसंबर, 2022** के पूर्ववर्ती परिपत्रों, जो कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए हैं, तथा **3 अक्टूबर, 2024** के भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के परिपत्र के साथ पठित है। **35वीं वार्षिक आम बैठक** की सूचना कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के साथ कंपनी की वेबसाइट **www.imcapitals.com** तथा शेयर बाजार अर्थात् बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** पर उपलब्ध है।

सदस्य केवल वीडियो सम्मेलन/अन्य श्रव्य-दृश्य माध्यम की सुविधा के माध्यम से वार्षिक आम बैठक में उपस्थित हो सकते हैं और भाग ले सकते हैं। वार्षिक आम बैठक में सम्मिलित होने के निर्देश वार्षिक आम बैठक की सूचना में दिए गए हैं। वीडियो सम्मेलन/अन्य श्रव्य-दृश्य माध्यम के माध्यम से उपस्थित होने वाले सदस्यों की गणना कंपनी अधिनियम, **2013 की धारा 103** के अंतर्गत गणपूर्ति निर्धारित करने के उद्देश्य से की जाएगी।

दूरस्थ इलेक्ट्रॉनिक मतदान की अवधि **रविवार, 27 सितंबर, 2026 (09:00 बजे** पूर्वाह्न भारतीय मानक समय) से प्रारंभ होकर **मंगलवार, 29 सितंबर, 2026 (05:00 बजे** अपराह्न भारतीय मानक समय) को समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान सदस्य इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना मत दे सकते हैं। दूरस्थ इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रणाली को **एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ज्ञात)** द्वारा **मंगलवार, 29 सितंबर, 2026** को **शाम 5:00 बजे** निष्क्रिय कर दिया जाएगा और उसके पश्चात सदस्यों को दूरस्थ इलेक्ट्रॉनिक मतदान के माध्यम से मतदान करने की अनुमति नहीं होगी। वार्षिक आम बैठक के दौरान दूरस्थ इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रणाली को **एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** द्वारा मतदान के लिए बैठक की समाप्ति के 15 मिनट पश्चात निष्क्रिय कर दिया जाएगा।सदस्य दूरस्थ इलेक्ट्रॉनिक मतदान के केवल एक माध्यम का विकल्प चुन सकते हैं, अर्थात् या तो वार्षिक आम बैठक से पूर्व या वार्षिक आम बैठक के दौरान। जिन सदस्यों ने वार्षिक आम बैठक से पूर्व दूरस्थ इलेक्ट्रॉनिक मतदान के माध्यम से अपना मत दे दिया है, वे वीडियो सम्मेलन/अन्य श्रव्य-दृश्य माध्यम के द्वारा वार्षिक आम बैठक में उपस्थित हो सकते हैं/भाग ले सकते हैं, परंतु वे पुनः अपना मत देने के अधिकारी नहीं होंगे।

निदेशक मंडल ने मेस्सर्स चंदन जे एंड एसोसिएट्स, कार्यरत कंपनी सचिव (स्वामी: कंपनी सचिव चंदन झा, सदस्यता **संख्या ए62350, प्रमाण-पत्र संख्या 27629, सहकर्मी समीक्षा संख्या 6292/2024**) को दूरस्थ इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करने के लिए जांचकर्ता के रूप में नियुक्त किया है।

यदि भौतिक रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले शेयरधारकों/सदस्यों/संस्थागत शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक मतदान के संबंध में कोई प्रश्न है, तो वे अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न तथा इंस्टावोट इलेक्ट्रॉनिक मतदान पुस्तिका, जो **https://instavote.linkintime.co.in/** पर उपलब्ध है, देख सकते हैं या **enotices@in.mpms.mufg.com** पर ई-मेल भेज सकते हैं अथवा **022-49186000** पर संपर्क कर सकते हैं।

बोर्ड की आज्ञानुसार
फेडर्स होल्डिंग लिमिटेड के लिए
एसडी/-
विशाल सिंघल (पूर्णकालिक निर्देशक)
डीआईएन: 03518795

दिनांक: 7 सितंबर, 2026
स्थान: गाजियाबाद

माई मनी सिक्योरिटीज लिमिटेड
CIN : L67120DL1992PLC047890
पंजीकृत कार्यालय : 10 ए, अंडरहिल लेन, सिविल लाईन्स, दिल्ली–110054
ई मेल आई डी : mymoneyviews@outlook.com, फोन नं. : 011–47087300, 011–47087455

35वीं वार्षिक आम बैठक और रिकॉर्ड तिथि के संबंध में सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि एजीएम के आयोजन सूचना में निर्धारित कामकाज के निष्पादन के लिए कम्पनी की 35वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") रविवार, 27 सितम्बर, 2026 को दोप. 12:00 बजे विडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विडियो माध्यमों ("ओएवीएम") के द्वारा आयोजित की जाएगी।

35वीं एजीएम एमसीए परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल 2020, परिपत्र सं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, परिपत्र सं. 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020, परिपत्र सं. 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021, परिपत्र सं. 19/2021 दिनांक 8 दिसम्बर, 2021, परिपत्र सं. 21/2021 दिनांक 14 दिसम्बर, 2021, परिपत्र सं. 2/2022 दिनांक 5 मई, 2022 और परिपत्र सं. 10/2022 दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 और 09/2023 और 09/2024 दिनांक 19 सितम्बर, 2024, दिनांक 25 सितम्बर, 2023 क्रमशः, कंपनी अधिनियम, 2013 के संगत प्रावधानों एवं उसके अधीन बनाए गए नियमों तथा सेबी परिपत्र दिनांक 12 मई, 2020, 15 जनवरी, 2021, 13 मई, 2022 एवं 5 जनवरी, 2023 और 07 अक्टूबर, 2023 ओर 03 अक्टूबर, 2024 के साथ पठित सेबी (सूचीयन बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015 के लागू प्रावधानों (संयुक्त रूप से "परिपत्र" के रूप में संदर्भित) के अनुपालन में आयोजित की जाएगी।

एमसीए और सेबी परिपत्र के अनुसार, 35वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना और वित्तीय वर्ष 2025–2026 की वार्षिक रिपोर्ट केवल उन सदस्यो को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजी जा चुकी है जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी सहभागियों के पास पंजीकृत है।

एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट www.mymoneyviews.com स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com तथा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") (रिमोट ई–वोटिंग सुविधा उपलब्ध करा रही एजेंसी) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध होगी। अधिनियम की धारा 108 और कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20, यथासंशोधित तथा सेबी सूचीकरण विनियम के विनियम 44 के प्रावधानों के अनुसरण में कम्पनी अपने सदस्यों को एजीएम में निष्पादित किये जाने वाले सभी व्यवसायों के संबंध में रिमोट ई–वोटिंग और एजीएम के दौरान ई–वोटिंग के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिकली अपना वोट देने की सुविधा उपलब्ध करा रही है। कम्पनी ने ई–वोटिंग प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के लिए एनएसडीएल की सेवाएं ली हैं। एनएसडीएल के ई–वोटिंग सिस्टम के उपयोग द्वारा अपना वोट देने की विस्तृत प्रक्रिया एजीएम की सूचना में दी गई है।

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि:

क) एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी व्यवसाय का निष्पादन केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोट देकर किया जा सकता है।

ख) रिमोट ई–वोटिंग सुविधा बृहस्पतिवार, 24 सितम्बर, 2026 को प्रात : 9.00 बजे प्रारंभ होगी और शनिवार, 26 सितम्बर, 2026 को सायं 5.00 बजे समाप्त होगी। उपरोक्त कथित तिथि एवं समय के बाद रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी और उपरोक्त कथित अवधि की समाप्ति के बाद एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल हटा लिया जाएगा।

ग) वोटिंग अधिकार की गणना कट–ऑफ तिथि अर्थात् 20 सितम्बर, 2026 को सदस्य/लाभार्थी स्वामी के नाम में पंजीकृत शेयरों के प्रदत्त मूल्य पर की जाएगी।

घ) कोई व्यक्ति जो यह सूचना भेजे जाने के बाद कम्पनी का सदस्य बनता है और कट–ऑफ तिथि अर्थात् 20 सितम्बर, 2025 को शेयर धारण करता है, वह evoting@nsdl.co.in या info@masserv.com पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

ङ) रिमोट ई–वोटिंग से अपना वोट दे चुके सदस्यगण भी एजीएम में भाग ले सकते हैं लेकिन वे एजीएम के दौरान ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट दोबारा देने के हकदार नहीं होंगे। एजीएम में शामिल होने वाले सदस्यगण जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं दिया है, वे एजीएम के दौरान ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट दे सकते हैं।

च) सदस्यगण जिनका नाम कट–ऑफ तिथि अर्थात् 20 सितम्बर, 2026 को सदस्यों के रजिस्टर/डिपॉजिटरीज द्वारा तैयार की गई लाभार्थी स्वामी की सूची में दर्ज होगा, केवल वे ही रिमोट ई–वोटिंग के साथ ही एजीएम के दौरान ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट देने के हकदार होंगे।

जैसा कि एजीएम वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जा रही है इसलिए सदस्यों की शारीरिक उपस्थिति प्रतिबंधित है तथा शेयरधारकों द्वारा प्रॉक्सी की नियुक्ति की सुविधा भी बैठक के लिए उपलब्ध नहीं होगी। तथापि, कॉर्पोरेट शेयरधारक बैठक में शामिल होने के लिए प्रतिनिधि को अधिकृत कर सकते हैं और ऐसे में उन्हें बैठक में अपनी ओर से शामिल होने एवं वोट देने के लिए अपने प्रतिनिधित्व को अधिकृत करने वाला बोर्ड रिजोल्यूशन या प्राधिकार पत्र या निदेशक मंडल की पॉवर ऑफ अटॉर्नी या अपने प्रतिनिधि के रूप में अधिकृत करते हुए बॉडी कॉर्पोरेट के अन्य शासी निकाय की प्रमाणित प्रति ई–मेल mymoneyviews@outlook.com एण्ड corporatelitigatya@gmail.com पर भेजनी होगी।

यदि आपने कम्पनी/डिपॉजिटरी के पास अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है तो आप वित्त वर्ष 2025–2026 के लिए वार्षिक रिपोर्ट तथा ई–वोटिंग के लिए लॉगइन विवरण प्राप्त करने हेतु नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करके अपना ई–मेल पता पंजीकृत कराएं।

भौतिक धारिता	फोलियो नम्बर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र (आगे एवं पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्व–सत्यापित प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्व–सत्यापित प्रति) की स्कैन प्रति के साथ कम्पनी के रजिस्ट्रार एंड ट्रांसफर एजेंट, एमएएस सर्विसेज लिमिटेड के ई–मेल info@masserv.com पर अनुरोध पत्र भेजकर अपना ई–मेल पता पंजीकृत क